भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 282
दिनांक 02.02.2026 को उत्तर के लिए नियत

पीएमईजीपी के तहत प्रगति

282. श्री महेंद्र भट्टः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत उत्तराखंड में कितने छोटे और लघु उद्योगों के लिए केंद्र द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(ख) यह उद्योग कौन-कौन से हैं तथा इनके अंतर्गत कुल कितने रोजगार सृजित किए गए हैं?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) वित्त वर्ष 2008-09 में इसकी शुरुआत से वित्त वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.01.2026 तक) तक, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में 23,611 सूक्ष्म उद्यमों को 459.78 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

(ख) पीएमईजीपी के अंतर्गत, उत्तराखंड राज्य सहित पूरे देश में विविध उद्योगों यथा कृषि खाद्य प्रसंस्करण, कयर, वन्य-आधारित उद्योग, हस्तनिर्मित कागज और फाइबर, खनिज आधारित, पॉलिमर तथा रसायन, ग्रामीण इंजीनियरिंग और जैव तकनीक, सेवाएं एवं वस्त्र में सूक्ष्म उद्यमों को सहायता प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2008-09 में इसकी शुरुआत से वित्तीय वर्ष 2025-26 (दिनांक 27.01.2026 तक) तक, पीएमईजीपी के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में अनुमानित 1.81 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

****